**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) बलरामपुर, बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)**

क्रमांक / 771 /भण्डार / आदि0वि0 / 2017–18 बलरामपुर दिनांक 26 / 07 / 2017

**प्रति,**

**आयुक्त,**
**जन सम्पर्क (विज्ञापन शाखा)**
**रायपुर (छ0गढ़)**

**विषय :–** **निविदा सूचना प्रकाशित करने बावत।**

विभागीय हाई स्कूल / हायर सेकेण्डरी स्कूल, छात्रावास / आश्रमों में **''प्रज्ञा ऑडियो – विजुअल''** कक्षाओं की स्थापना हेतु सलंग्न सूची अनुसार 98 cm LED 64 GB Pen Drive & Three Pin Electric Power Socket फिटिंग सुलभ कराये जाने हेतु GST (Goods & Services Tax) अथवा वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत (जो लागू हो) पंजीकृत इच्छुक निर्माता से क्रय किया जाना है। निविदा सूचना कार्यालयीन पत्र क्रमांक / 770 / भण्डार / आदि0वि0 / 2017–2018 दिनांक 26 जुलाई, 2017 एतद् द्वारा सलंग्न प्रेषित है। कृपया प्रदेश स्तरीय बहुप्रसारित दो समाचार पत्रों तथा राष्ट्रीय स्तर के दो समाचार पत्रों में निविदा प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

**(कलेक्टर बलरामपुर–रामानुजगंज द्वारा अनुमोदित)**

**सहपत्र :–निविदा सूचना की प्रति**

**सहायक आयुक्त**
**हेतु–कलेक्टर**
**बलरामपुर–रामानुजगंज**

पृ0क्रमांक / 772 / भण्डार / आदि0वि0 / 2017–18 बलरामपुर दिनांक 26 / 07 / 2017

**प्रतिलिपि :–**

1. जिला सूचना एवं प्रौद्योगिकी (एन.आई.सी.) बलरामपुर को सूचनार्थ एवं वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।
2. सहायक संचालक, जन सम्पर्क जिला बलरामपुर–रामानुजगंज को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ।

**सहायक आयुक्त**
**हेतु–कलेक्टर**
**बलरामपुर–रामानुजगंज**

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) बलरामपुर, बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)

## –:: निविदा सूचना ::–

क्रमांक / 770 / भण्डार / आदि0वि0 / 2017–18 बलरामपुर दिनांक ....26... / 07 / 2017

कार्यालय कलेक्टर की ओर से बलरामपुर जिले के विभागीय हाई स्कूल / हायर सेकेण्डरी स्कूल, छात्रावास / आश्रमों में **''प्रज्ञा ऑडियो – विजुअल''** कक्षाओं की स्थापना हेतु सलंग्न सूची अनुसार 98 cm LED 64 GB Pen Drive & Three Pin Electric Power Socket फिटिंग सहित क्रय किये जाने हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। GST (Goods & Services Tax) अथवा वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत इच्छुक निर्माता से क्रय किये जाने हेतु निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर रूपये 3000.00 (रू0 तीन हजार मात्र) नगद भुगतान कर दिनांक 16.08.2017 तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा की विस्तृत जानकारी एवं शर्तें आदि बलरामपुर जिले के Website www.balrampur.gov.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| **निविदा विक्री की अंतिम तिथि** | **दिनांक 16 / 08 / 2017 शायं 5.30 बजे तक** |
| **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि** | **दिनांक 18 / 08 / 2017 अपरान्ह 3.00 बजे तक** |
| **निविदा खोलने की तिथि** | **दिनांक 18 / 08 / 2017 शायं 4.00 बजे तक** |

**(कलेक्टर बलरामपुर–रामानुजगंज द्वारा अनुमोदित)**

**सहायक आयुक्त**
**हेतु–कलेक्टर**
**बलरामपुर–रामानुजगंज**

# कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) बलरामपुर, बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)

## –:: निविदा सूचना ::–

क्रमांक / 769 / भण्डार / आदि0वि0 / 2017–18 बलरामपुर दिनांक ....26 / 07 / 2017

बलरामपुर–रामानुजगंज जिले के विभागीय हाई स्कूल / हायर सेकेण्डरी स्कूल, छात्रावास / आश्रमों में **''प्रज्ञा ऑडियो – विजुअल''** कक्षाओं की स्थापना हेतु 98 cm LED 64 GB Pen Drive & Three Pin Electric Power Socket फिटिंग सहित सलंग्न सूची अनुसार क्रय किये जाने हेतु GST (Goods & Services Tax) अथवा वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत (जो लागू हो) इच्छुक निर्माता से सामग्री की दर निम्नलिखित नियम व शर्तों के अधीन सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निर्माता कम्पनी अपना दर दिनांक ....16 / ......08.... / 2017 को अपरान्ह 3.00 बजे तक पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट से या स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, बलरामपुर में निर्धारित निविदा बॉक्स में जमा कर सकेगें।

**नियम व शर्तें :–**

1. क्रय हेतु प्रस्तावित सामग्रियां प्रतिष्ठित कम्पनी का एवं उच्च गुणवत्ता का होना चाहिए।
2. सामग्री प्रदाय हेतु इच्छुक निर्माता के प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने एवं GST (Goods & Services Tax) अथवा वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत (जो लागू हो) इकाईयों को ही रू0 3000.00 नगद राशि सहित आवेदन पत्र के साथ प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही निविदा फार्म प्रदाय किया जावेगा।
3. निविदादाता का Sale Tax विभाग में अथवा GST (Goods & Services Tax) में पंजीयन (जो लागू हो) के साथ–साथ निर्बाधन (Clearance) होना चाहिए।
4. **रूपये 176700.00 (रूपये एक लाख छिहत्तर हजार सात सौ मात्र)** सुरक्षा निधि की राशि सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास बलरामपुर के पक्ष में बैंकर्स चेक / बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा। सुरक्षा निधि में छूट संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर इकाईयों को सुरक्षा निधि राशि जमा करने की आवश्कता नहीं होगी।
5. निविदा दो बंद लिफाफे में (प्रथम लिफाफे में सुरक्षा निधि या उससे छूट प्रमाण पत्र, सेल टैक्स, पंजीयन आदि तथा दूसरे लिफाफे में स्पेशिफिकेशन (विस्तारपूर्वक व्याख्या) सहित दर प्रस्तुत करना होगा। सर्व प्रथम संबंधित प्रथम लिफाफा खोला जाएगा एवं आवश्यक दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर ही दूसरा लिफाफा खोला जावेगा जो दर से संबंधित होगा। आवश्यक दस्तावेज पूर्ण न होने पर दूसरा लिफाफा निरस्त कर दिया जावेगा।
6. सामग्री की दर समस्त कर एवं एफ.ओ.आर. बलरामपुर को शामिल करके देना होगा।
7. निविदा दिनांक **...18... / 08 / 2017 को अपरान्ह 4.00** बजे जिला क्रय समिति के समक्ष खोला जावेगा। निविदा खोलते समय निविदादाता स्वयं या अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।
8. कलेक्टर, बलरामपुर को अंतिम अधिकार होगा कि वे बिना कारण बताए निविदा निरस्त कर सकते हैं। टेण्डर की तिथि बढ़ा सकते हैं या पुनः दुबारा आमंत्रित कर सकते हैं।
9. क्रय समिति के पास अधिकार सुरक्षित रहेगा कि न्यूनतम दर प्राप्त होने पर भी अगर उचित समझे तो उच्च गुणवत्ता के आधार पर अधिक दर की सामग्री स्वीकृत कर सकेगें।
10. सामग्री का भुगतान क्रय समिति के भौतिक सत्यापन करने के उपरांत संतोषप्रद पाये जान पर ही की जावेगी।
11. सामग्री क्रय आदेश होने के एक माह के अंदर सामग्री प्रदाय करना अनिवार्य होगा।
12. निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा मान्य नहीं की जावेगी।
13. प्रस्तावित दरें वित्तीय वर्ष 2017–18 हेतु मान्य होगी।
14. प्रदाय सामग्री निविदा प्रपत्र में अंकित स्पेशिफिकेशन के अनुसार नहीं पाए जाने पर संबंधित फर्म को गोदाम से लिखित सूचना पर एक सप्ताह के भीतर सामग्री उठाना अनिवार्य होगा, तत्पश्चात प्रदाय सामग्री की जिम्मेदारी शासन की नहीं होगी।

15. प्रस्तावित क्रय आदेश में अंकित समयावधि एवं नमूना तथा मापदण्ड के अनुरूप सामग्री प्रदाय करना अनिवार्य होगा। नमूना तथा मापदण्ड के अनुरूप सामग्री प्रदाय नहीं करने पर प्राप्त सामग्री स्वीकार नहीं की जावेगी एवं प्रदायकर्त्ता को अपने व्यय पर सामग्री वापस ले जाना होगा। निर्धारित अवधि के अंदर यदि सामग्री प्रदाय नहीं की जाती है तो 2 प्रतिशत पेनाल्टी के साथ समयावधि में एक बार वृद्धि की जा सकेगी। निर्धारित समयावधि एवं निर्धारित स्पेशिफिकेशन के अनुसार सामग्री प्रदाय न करने पर सुरक्षा निधि राजसात कर ली जावेगी तथा संबंधित फर्म को काली सूची में दर्ज किया जा सकेगा।
16. प्रस्तुत निविदा के साथ एक–एक नग सामग्री का नमूना प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है। निविदा दाताओं को एक ही दर अंकित किया जाना होगा अर्थात एक सामग्री हेतु एक नमूना एवं उसका दर प्रस्तुत करना होगा।
17. संबंधित सामग्री का नमूना प्राप्त नहीं होने की स्थिति में निविदा का लिफाफा सम्मिलित नहीं किया जावेगा।

**(कलेक्टर बलरामपुर–रामानुजगंज द्वारा अनुमोदित)**

**सहायक आयुक्त**
**हेतु–कलेक्टर**
**बलरामपुर–रामानुजगंज**

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) बलरामपुर, बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)

क्रमांक / /भण्डार/आदि0वि0/2017–18 बलरामपुर दिनांक ............/........../2017

## –:: सामग्री की दर सूची ::–

| क्रं. | सामग्री का नाम | मापदण्ड (प्रतिष्ठित कंपनी का नाम | साईज/आकार | संस्थान द्वारा प्रस्तुत दर (प्रति नग) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | MICROMAX LED 64 GB Pen Drive & Three Pin Electric Power Socket | MICROMAX | 98 cm | |
| 2 | SONI LED 64 GB Pen Drive & Three Pin Electric Power Socket | SONI | 98 cm | |
| 3 | SAMSUNG LED 64 GB Pen Drive & Three Pin Electric Power Socket | SAMSUNG | 98 cm | |
| 4 | LG LED 64 GB Pen Drive & Three Pin Electric Power Socket | LG | 98 cm | |

हस्ताक्षर एवं फर्म का सील

### –:: प्रमाण–पत्र ::–

प्रमाणित किया जाता है कि मैनें कार्यालयीन पत्र कमांक ............................................ /भण्डार/आदि0वि0/2017–18 दिनांक ......................... द्वारा जारी निविदा की शर्तों को भली भांति पढ़ लिया है। मुझे निविदा की समस्त शर्ते मंजूर है तथा मुझ पर बंधनकारी होगा।

हस्ताक्षर एवं फर्म का सील